संख्या–cm-473
25/10/2022

मुख्यमंत्री ने डेंगू की रोकथाम को लेकर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के साथ समीक्षा की

मुख्यमंत्री के निर्देश–

- अस्पतालों में बेडों की संख्या और बढ़ायें ताकि पर्याप्त मात्रा में बेड उपलब्ध रहे और मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।
- ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करायें।
- सभी जगह डेंगू रोधी दवा का छिड़काव नियमित रूप से करायें।
- सभी जगह साफ–सफाई की पूरी व्यवस्था रखें।

पटना, 25 अक्टूबर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में डेंगू की रोकथाम के लिये किये जा रहे उपायों को लेकर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के साथ समीक्षा की।

बैठक में मुख्यमंत्री को स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने डेंगू के बढ़ते मामले और उसकी रोकथाम के लिये किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि अस्पतालों में बेडों की संख्या और बढ़ायें ताकि पर्याप्त मात्रा में बेड उपलब्ध रहें और मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करायें ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी जगह डेंगू रोधी दवा का छिड़काव नियमित रूप से करायें। डेंगू रोधी दवा के छिड़काव में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिये। सभी जगह साफ–सफाई की पूरी व्यवस्था रखें।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री प्रत्यय अमृत एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******